खबर संक्षेप



## मझगवां में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़े का आयोजन, छात्रों को किया गया जागरूक

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार आज शासकीय महाविद्यालय मझगवां में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़े के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ.शैलकुमारी अहिरवार की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को नारी जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके साथ ही कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया,जिससे विद्यार्थी शासन की योजनाओं और संदेशों से सीधे जुड़ सके। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ.निशा तिवारी द्वारा किया गया।

**सहभागिता:** इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ से अजित कुमार,हरीश प्रजापति,डॉ.हामिद अली, डॉ.चन्द्रप्रभा पांडेय, डॉ.साधना शर्मा और योगेशवर दिवेदी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अपराधी को 4 माह तक पुलिस थाना में पेश होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने पड़खूरी थाना विजयराघवगढ़ निवासी भूरा ऊर्फ भूरेलाल पटेल पिता मैकूलाल पटेल 50 वर्ष को आगामी 4 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टिर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्तव प्रतिवेदन के आधार पर की है। भूरा के विरूद्ध वर्ष 2001 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर गुंडागर्दी, जुआ सट्टा खेलना और शराब बेचना जैसे अपराध शामिल है। इन प्रकरणों में भूरा को अर्थदंड लगाकर दण्डित भी किया जा चुका है जबकि एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा भूरा के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए आगामी 4 माह तक थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

**उमरियापान।** पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत ढीमरखेड़ा पुलिस ने एक लापता नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 8 जनवरी 2026 को एक नाबालिग बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

# रफ्तार का कहर, सड़क हादसों में एक की मौत, मासूम समेत 12 घायल











### अमरपाटन, रामनगर और उचेहरा क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं, घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

**सतना।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुए सड़क हादसों में भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। सबसे दर्दनाक हादसा रामनगर थाना क्षेत्र में हुआ,जहाँ एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमरपाटन में एक मासूम बच्चा बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अनियंत्रित बाइक गिरने से चालक की मौत

रामनगर थाना क्षेत्र के पटना मोड़ देवरी के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही रामनगर पुलिस के आरक्षक गुड्डू पटेल और 112 चालक रामधनी वर्मा ने मौके पर पहुँचकर घायल को अस्पताल पहुँचाया।

### ऑटो पलटने से 4 यात्री घायल

अमरपाटन थाना क्षेत्र के गुरुकुल स्कूल (ग्राम गडौली) के पास एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ऑटो चालक समेत 4 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि सभी यात्री निजी ऑटो बुक कर सतना की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया है।

### सड़क पार कर रहे 5 वर्षीय मासूम को बाइक ने उड़ाया

ग्राम ककरा में एक हृदय विदारक घटना सामने आई,जहाँ घर के बाहर खेल रहा 5 वर्षीय मासूम सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया। हादसे के बाद परिजनों ने तत्काल उसे सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुँचाया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया है।

### दो बाइकों की सीधी भिड़ंत,5 गंभीर

उचेहरा के कुलपुरा के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार कुल 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया,जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### रॉन्ग साइड के चक्कर में पलटा ई-रिक्शा

सतना शहर के सर्किट हाउस चौराहे पर गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से जा रहा एक ई-रिक्शा अचानक पलट गया। इस घटना में ई-रिक्शा चालक को चोटें आई हैं।

# अमरपाटन में धू-धू कर जली गेहूं से लदी ट्रॉली

**दूसरों को बचाने के चक्कर में किसान झुलसा**





**सतना।** खेतों से सुनहरी फसल समेटकर घर लौट रहे एक किसान के लिए बिजली की एक चिंगारी काल बन गई। अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गेहूं की कटी हुई फसल से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ऊपर से गुजर रही लो-टेंशन लाइन की चपेट में आ गई। तारों के घर्षण से उठी चिंगारी ने सूखी फसल में भीषण आग लगा दी।

### बस्ती को बचाने की जद्दोजहद

जैसे ही ट्रॉली में आग लगी,वह तेजी से फैलने लगी। हादसा घनी आबादी वाले क्षेत्र के पास हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,किसान ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। आग की लपटों से घिरी ट्रॉली को बस्ती के घरों तक फैलने से रोकने के लिए किसान जलते हुए ट्रैक्टर को सुरक्षित स्थान की ओर दौड़ाने लगा।

### हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल

बस्ती को बचाने के इस निस्वार्थ प्रयास में किसान खुद आग की चपेट में आ गया। लपटों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि किसान बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### मुख्य बिंदु

बिजली के नीचे झूलते एलटी तारों से टकराने के कारण लगी आग। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी पूरी फसल जलकर खाक, ट्रैक्टर को भी भारी नुकसान पहुंचा। खुद को जोखिम में डालकर किसान ने बस्ती में आग फैलने से रोकी।



## बिजली का कनेक्शन जोड़ने के बाद देवराजनगर में खत्म हुआ जल संकट

**मैहर।** जिले में राममगर के देवराजनगर ग्राम पंचायत में लंबे समय से जारी जल संकट अब समाप्त हो गया है। बिजली बिल बकाया होने के कारण बंद पड़ी नल-जल योजना फिर से शुरू हो गई है,जिससे करीब 6000 ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार,रामनगर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले देवराजनगर में पंचायत पर लगभग 22 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया था। इसी कारण बिजली विभाग ने नल-जल योजना का कनेक्शन काट दिया था। कनेक्शन कटने से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया था और ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा था। मामले के उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आया।अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बिजली कनेक्शन बहाल कराया। कनेक्शन जुड़ते ही नल-जल योजना पुनः शुरू हो गई और गांव में जल आपूर्ति सामान्य हो गई। करीब छह दिनों तक चली इस समस्या के बाद अब हालात पूरी तरह सामान्य बताए जा रहे हैं। जनपद सीईओ भारती दीक्षित ने बताया कि पंचायत पर 22 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काटा गया था,जिससे बड़ी आबादी प्रभावित हो रही थी। इस स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर बिजली आपूर्ति बहाल कराई गई।उन्होंने कहा कि अब गांव में पानी की कोई समस्या नहीं है और नल-जल योजना सुचारु रूप से संचालित हो रही है। जल आपूर्ति बहाल होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और प्रशासन के त्वरित प्रयासों की सराहना की है। लंबे समय से पानी की किल्लत झेल रहे लोगों को अब नियमित जल आपूर्ति मिलने लगी है,जिससे उनकी दैनिक जीवन की परेशानियां काफी हद तक कम हो गई हैं।

# सिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित: बालिकाओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

**सतना।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी वैक्सीनेशन अभियान को गति देते हुए आज सिंहपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के सेक्टर प्रभारी अजीत सिंह मरावी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान तीन गांवों-मडुलिहाई,सिंहपुर और किरहाई पोखरी-से आईं 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी का इंजेक्शन लगाया गया। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा



बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम में सिंहपुर पंचायत सरपंच श्रीमती चंदा पांडेय, रोजगार सहायक अनिल त्रिपाठी, स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर प्रभारी अजीत सिंह मरावी,एएनएम अर्चना सिंह और आशा सहयोगिनी बबिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। शिविर को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ता उमा गर्ग,शैलकुमारी त्रिपाठी, रेखा शिवहरे,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम मिश्रा,अरुणा मिश्रा,गुड़यिा मवासी,मधु सिंह,सविता मिश्रा और क्राई फैलो आनंद सहित अन्य समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सेमरिया चौराहे पर बाबा अम्बेडकर की प्रतिमा जर्जर, सुधार न होने पर दिया धरना

**सतना।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (कां.) ने सेमरिया चौराहे पर स्थापित संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की जर्जर हालत को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया गया। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकेश अहिरवार और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने बताया कि सेमरिया चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा कई वर्षों पुरानी है और देख-रेख के अभाव में अब उसमें बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। प्रतिमा पूरी तरह से खंडित होने की कगार पर है,जिससे समाज और अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुँच रही है। प्रदर्शनकारियों ने जर्जर हो चुकी प्रतिमा को बदलकर नई प्रतिमा लगाने या उसका तत्काल पुख्ता सुधार (मरम्मत) कार्य कराने की मांग की। प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए वहां स्थाई सीढ़ी की व्यवस्था करने,प्रतिमा स्थल पर उचित प्रकाश (लाइटिंग),सीसीटीवी कैमरा और समय-समय पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का विधायक और कलेक्टर की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ



## 25 अप्रैल तक चलेंगे महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम

**मैहर।** जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" का भव्य शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों,शिविरों और गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित लोगों ने देखा। आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय के आडिटोरियम में के ऑडिटोरियम में किया गया,जहां विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी, कलेक्टर विदिशा मुखर्जी,एसडीएम दिव्या पटेल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समृद्धि से शक्ति और 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी,जब देश की महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागवार गतिविधियों का नियमित रूप से सुनिश्चित हो क्रियान्वयन

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान की नियमित रूप से विभागवार गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही सामूहिक जनसहभागिता एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन गतिविधियों का आयोजन कराने के लिए भी कहा है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर जिला कलेक्टर ने अभियान के तहत 19 मार्च से अब तक क्रियान्वित विभागवार गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा अभियान की शेष अवधि में कार्ययोजना मुताबिक अपेक्षित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान शालाओं में पेयजल व्यवस्था एवं टंकियों की सफाई, पीएचई विभाग द्वारा जल परीक्षण तथा तहसीलदारों को जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आवेदनों के निराकरण के बारे में भी पूछा।

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को तीन दिवस में प्रभावी रूप से निराकृत करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सहित गैस सिलेंडर एवं पेट्रोल, डीजल उलब्धता की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रीमती परमार ने डायमंड म्यूजियम एवं मेडिकल कॉलेज की भूमिपूजन तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही शहर के रविवारीय



बाजार के दिन निर्धारित क्षेत्र में चार पहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध का पालन करवाने तथा गौवंश हटवाने के साथ आवश्यकता मुताबिक इन्हें गौशालाओं में विस्थापित करने के लिए भी कहा। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्थानों विशेषकर देवेन्द्रनगर एवं अमानगंज क्षेत्र में पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की बात भी कही। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि समस्त कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ शासकीय सेवकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के लाभ के संबंध में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें। 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत स्तर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर शासन के निर्देश मुताबिक कार्यक्रम के आयोजन तथा बिजली विभाग की आगामी 15 मई तक संचालित होने वाली समाधान योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया। सभी जनपद पंचायत सीईओ को अधिक बिजली बिल बकाया वाली ग्राम पंचायतों के ऑडिट सहित लंबित राशि जमा कराने के लिए विकासखंड एवं क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाने तथा सोलर सिस्टम के उपयोग एवं प्रोत्साहन के लिए भी कहा। विभिन्न विभागों के जमीन आवंटन के विषयों सहित अन्य अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### डुंगरहो जंगल में भयानक घटना, शौच करने गए युवक पर रीछ ने किया हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

**अजयगढ़** – अजयगढ़ रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सबदुआ के गांव डुंगरहो के जंगल में शौच करने गए एक युवक पर भालू (रीछ) ने अचानक हमला कर दिया। नरेंद्र कोंदर पिता माणिकलाल, निवासी सिमरा खुर्द ने अपने गांव के अन्य लोगों के साथ ईंट भट्टे पर काम करने गए थे। आज दिनांक 13 अप्रैल को सुबह लगभग 5 बजे जब वह जंगल में शौच करने पहुंचे, तभी पीछे से एक रीछ ने उन पर झपट्टा मार दिया। युवक की चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े आए और किसी तरह रीछ को भगाकर नरेंद्र को बचाया। "मैं शौच करने जंगल गया ही था कि अचानक पीछे से रीछ ने हमला कर दिया। चिल्लाया तो गांव वाले भागकर आए और मुझे बचाया।" ग्रामीणों ने तुरंत सूचना फॉरेस्ट विभाग के बीट गार्ड प्रतीक तिवारी को दी। बीट गार्ड प्रतीक तिवारी और शिव प्रसाद गुप्ता मौके पर पहुंचे और घायल नरेंद्र को तुरंत अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया। वर्तमान में युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फॉरेस्ट विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता के लिए राशि दी गई है और शासकीय योजना के तहत अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह क्षेत्र जंगली जानवरों के लिए संवेदनशील माना जाता है। स्थानीय लोगों ने फॉरेस्ट विभाग से जंगली जानवरों के हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। सुबह-शाम जंगल या एकांत जगहों पर अकेले जाते समय सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत आसपास के लोगों को सूचित करें।



# मेंटेनेंस की राशि हजम, स्कूल पर ताला, महुआपुर में शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल!

**अमानगंज।** ग्राम रामपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला महुआपुर में भ्रष्टाचार और लापरवाही की गंभीर तस्वीर सामने आई है। विद्यालय मेंटेनेंस के नाम पर राशि तो निकाल ली गई, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह उलट नजर आ रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शौचालय निर्माण के नाम पर पैसा निकाल लिया गया, लेकिन मौके पर शौचालय का कोई अस्तित्व ही नहीं है। बच्चे आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इतना ही नहीं, जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो विद्यालय में ताला लटका मिला। यानी जहां बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए, वहां सन्नाटा पसरा मिलाकृयह स्थिति खुद ही पूरी कहानी बयां कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने मेंटेनेंस राशि का दुरुपयोग किया है और कागजों में काम दिखाकर राशि निकाल ली गई। और सबसे बड़ी बातकृजिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह सब चल रहा है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ और सरकारी राशि की बंदरबांट अब

# सीएमओ अमानगंज ने किया कचरा वाहनों का सर्वे

**अमानगंज- नगर परिषद प्रांगण अमानगंज में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़ पाली के द्वारा आज कचरा वाहनों का निरीक्षण किया गया।**



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर , जिला पन्ना के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी शशिकपुर गड़पाले के निर्देशन में आज नगर परिषद अमानगंज में कचरा संग्रहण वाहनों का स्वच्छता ऑडिट एवं तकनीकी निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस दौरान कचरा संग्रहण में प्रयुक्त वाहनों की तकनीकी जांच की गई, जिसमें इंजन, ब्रेक, टायर, हाइड्रोलिक सिस्टम, धुलाई एवं समग्र सफाई की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत प्रत्येक वाहन हेतु स्वीकृत रूट चार्ट का सत्यापन कर उसे वाहन में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए तथा रूट से संबंधित डिजिटल एवं प्रिंटेड रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने पर बल दिया गया। साथ ही, सभी वाहनों में लगे पब्लिक एड्रेस (च।) सिस्टम की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया, जिसके माध्यम से "गीला-सूखा कचरा पृथक दें" जैसे जनजागरूकता संदेशों का प्रसारण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक ने सख्त निर्देश दिए कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से भी सतत अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करें तथा कचरे का पृथक्करण कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भागीदारी निभाएं।

# सूदखोरी के जाल में फंसा युवक, जहर खाकर दी जान, अमानगंज में भड़का आक्रोश



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज क्षेत्र में सूदखोरी के कथित जाल ने एक और युवा की जिंदगी निगल ली। ग्राम मझगवां शेख निवासी बलवान सिंह राजपूत (पुत्र ग्राम पंचायत सचिव पहलवान सिंह राजपूत) ने कथित रूप से सूदखोरों के दबाव से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे पन्ना से सतना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक ने कुछ समय पहले महज 5000 उधार लिया था, लेकिन सूदखोरी के चलते यह रकम बढ़ाकर करीब 1,00,000 तक पहुंचा दी गई। आरोप है कि ताम्रकार समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. राघव उर्फ डब्बू ताम्रकार लगातार युवक पर पैसे चुकाने का दबाव बना रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया था।

### मौत के बाद फूटा गुस्सा, थाना परिसर में हंगामा-

जैसे ही युवक की मौत की खबर गांव पहुंची, परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग अमानगंज थाना परिसर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सूदखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की।

### थाना प्रभारी की समझाइश से शांत हुआ मामला-

स्थिति बिगड़ती देख अमानगंज थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन ने मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को समझाइश दी। काफी देर तक चली बातचीत के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमानगंज क्षेत्र में अवैध सूदखोरी का कारोबार तेजी से फैल रहा है। कम पढ़े-लिखे और आर्थिक रूप से कमजोर लोग आसानी से इनके जाल में फंस जाते हैं, और फिर भारी ब्याज के कारण कर्ज से निकल नहीं पाते। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या अब सामाजिक संकट का रूप ले चुकी है, जिसमें सबसे ज्यादा युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। इस घटना के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से सूदखोरी का खेल चल रहा है, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या प्रशासन इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगा या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# भारत रत्न बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर जनपद पंचायत पवई में कार्यक्रम आयोजित किया गया, दी गई श्रद्धांजलि



**पवई।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती को लेकर सोमवार को जनपद पंचायत पवई के बीआरसी भवन में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर समारोह का जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा एवं नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले बाबासाहेब के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की, उसके बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात एससी एसटी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं के पत्र,पेंशन की स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी,जनपद सदस्य कमलेश तिवारी, एसडीओपी भावना दांगी तहसीलदार राशि रत्न पांडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार गण मौजूद रहे। बता दें कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था, डॉ भीमराव अंबेडकर एक ऐसे महान व्यक्ति थे, जिन्होंने समाज,शिक्षा राजनीति और न्याय व्यवस्था को नई दिशा दी। बाबा साहब सामाजिक न्याय व समानता के समर्थक थे उन्होंने कहा था कि खुद को शिक्षित करो क्योंकि शिक्षा प्रगति की रीढ़ है। इसी उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समारोह के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# पन्ना पुलिस ने सिमरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

## आरोपी के कब्जे से कुल 65.7 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 77524 रूपये की जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व समस्त अनु अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी क्रम में पवई एसडीओपी भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 12.04.2026 को थाना प्रभारी सिमरिया को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 01 व्यक्ति अपने भैसो को रखने वाला टपरा ग्राम पुरैना में काफी मात्रा मे अवैध शराब बिक्री हेतु रखे हुए है। थाना प्रभारी सिमरिया द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम की मदद से मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम पुरैना मे टीम रवाना कर चौकिंग की गई जो आरोपी के भैंस रखने वाला टपरा ग्राम पुरैना में कुल 65 लीटर 700 मि.ली अवैध शराब कुल 77524 रूपये की रखे हुये पाये गये। पुलिस को देख कर मौके पर से एक आरोपी फरार हो गया तथा दूसरा आरोपी भी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। उसके अन्य साथी के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध क्रमांक 146/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी -

1. अनुज यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम पुरैना थाना सिमरिया जिला पन्ना म.प्र.

**जप्त सामग्री –**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अलग अलग कार्टून पेटी में अलग अलग कंपनी की अवैध शराब कुल मात्रा करीब 65 लीटर 700 एम एल कुल कीमती करीब 77524 रूपये की जप्त की गई है।





# नारी शक्ति बंधन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण में होगा क्रांतिकारी कदम-बृजेंद्र मिश्रा

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा में देगा विशिष्ट प्रतिनिधित्व – शशि राजे परमार

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा में कार्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में एवं सैकड़ो बहनों के साथ देखा और सुना गया। वर्चुअल रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं के नेतृत्व विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह कानून महिलाओं को नीति निर्माण एवं नेतृत्व में अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर उस 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त आवाज देता है, जिसे लंबे समय से अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था। यह केवल एक विधायी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का मजबूत आधार है। सशक्त महिलाएं ही मजबूत संस्थानों, समावेशी शासन और एक प्रगतिशील भारत के निर्माण की धुरी बनेंगी। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शशि राजे परमार ने वर्चुअल उद्बोधन के पश्चात कहा कि आने वाला नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं को राज्यसभा एवं लोकसभा में स्थाई प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा, जिससे देश की आधी आबादी के सर्वांगीण विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। भारतीय जनता पार्टी नारी शक्ति बंधन अधिनियम का स्वागत करती है।

### नारी सृष्टि का आधार है-पूनम यादव

भारतीय जनता पार्टी जिले के उपाध्यक्ष श्री मति पूनम यादव ने वर्चुअल उद्बोधन के पश्चात कहा की नारी है तो सृष्टि है और सृष्टि का आधार ही नारी है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उनके प्रतिनिधित्व के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिलाओं के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है। जिले की मंत्री श्रीमती संगीता शिवहरे ने सामग्र महिलाओं की ओर से नारी शक्ति बंधन अधिनियम लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी सांसद एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया। वही गुनौर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मलखान सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की कार्यक्रम में मुख्य रूप श्रीमती मनीषा गोस्वामी श्रीमती शारदा पाठक श्रीमती कविता रैकवार श्रीमती अनामिका विश्वकर्मा श्रीमती उर्मिला कुशवाहा श्री मति कल्पना यादव श्री मति शक्ति शर्मा श्री मति पूनम सिंह मोहनी मिश्रा, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के साथ-साथ कार्यालय मंत्री प्रदीप मजूमदार सह कोषाध्यक्ष राकेश चौबे श्री राजकुमार वर्मा और मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर बैजपुर मंडल के ग्राम हीरापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सफाई अभियान चला कर दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया।

# फार्मासिस्टों के भविष्य पर संकट डिटीएबी के निर्णय के विरोध में पन्ना जिला एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** एम.पी. फार्मासिस्ट एसोसिएशन, जिला पन्ना द्वारा औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड डिटीएबी के हालिया निर्णय के विरोध में केंद्र सरकार के नाम एक मोर्चा खोला गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज अपर कलेक्टर मधुबन्त धुर्वे जी को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा जी के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

### क्या है विवाद का मुख्य कारण?-

एसोसिएशन के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को आयोजित डिटीएबी की 93वीं बैठक में औषधि एवं प्रसाधन नियम, 1945 के नियम 64 में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया है। इस संशोधन के माध्यम से दवा व्यवसाय में 'सक्षम व्यक्ति' की योग्यता के मानकों को कम करने की योजना है, जिससे अब बिना फार्मासिस्ट के भी दवा संचालन व विक्रय की राह आसान हो सकती है। जनस्वास्थ्य और मानकों पर सवाल ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय न केवल फार्मासिस्ट समुदाय बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। सुरक्षा के साथ खिलवाड़रू आधुनिक दवाएं संवेदनशील होती हैं। पंजीकृत फार्मासिस्ट के बिना इनके संचालन से दुष्प्रभाव और दुरुपयोग का खतरा बढ़ेगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघनरू यह प्रस्ताव डब्ल्यू एचओ और अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल महासंघ के श्गुड फार्मेसी प्रैक्टिसश जीपीपी मानकों के विपरीत है।बेरोजगारी का संकट देश में 35 लाख से अधिक पंजीकृत फार्मासिस्ट होने के बावजूद इस तरह का निर्णय युवाओं के भविष्य को अंधकार में डाल देगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि डिटीएबी के प्रस्तावित संशोधन को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। होलसेल दवा व्यापार में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता को सख्ती से लागू रखा जाए।'प्रतिबंधित लाइसेंस' की व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त किया जाए। इस अवसर पर गौरव शर्मा जिलाध्यक्ष, दीपक तिवारी उपाध्यक्ष, मनीष पाठक मीडिया प्रभारी, प्रवीण कुशवाहा संगठन मंत्री, संजय सिंह राजपूत संरक्षक, यजुवेंद्र सिंह मेडिकल विंग प्रभारी, मस्तराम सिंह, पंकज सोनी, सदस्यगण आदित्य जैन, सत्यम चौरसिया एवं अन्य लोग शामिल रहे।

# खेल मैदान निर्माण कार्य के मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी, किया विरोध प्रदर्शन



**पन्ना।** जिले के विकासखंड शाहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया खुर्द में खेल मैदान निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को आज दिनांक तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। मजदूरों के अनुसार उन्होंने लगभग दो माह पूर्व इस कार्य में अपनी मेहनत दी थी, लेकिन अब तक उन्हें उनका मेहनताना नहीं मिला है। मजदूरी नहीं मिलने से परेशान होकर आज सभी मजदूर खेल मैदान स्थल पर एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। मजदूरों का कहना है कि मजदूरी नहीं मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घर में शादी-विवाह जैसे जरूरी कार्य भी पैसे के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। मजदूरों ने आरोप लगाया कि इस मामले में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक ध्यान नहीं दे रहे हैं और उनकी समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। मजदूरों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उनका भुगतान कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### बकस्वाहा कॉलेज में नारी सशक्तिकरण पखवाड़े का आगाज

**बकस्वाहा।** शासकीय महाविद्यालय बकस्वाहा में सोमवार को नारी सशक्तिकरण पखवाड़े की शुरुआत उत्साह और प्रेरणा के साथ हुई।

स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं ह्रज्ञस्न के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 25 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ 13 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया। इसी अवसर पर सियाचिन दिवस मनाते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति और समर्पण की भावना भी जागृत की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. पुष्पा सामवेदी एवं इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती श्रद्धा राठौर द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान केंद्र दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार अहिरवाल ने बताया कि करियर मार्गदर्शन योजना का उद्देश्य केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझाना भी है। मुख्य वक्ता के रूप में सिनर्जी संस्थान की जिला समन्वयक सुश्री लाली यादव ने महिलाओं के अधिकार, आत्मनिर्भरता और मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. पुष्पा सामवेदी ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और युवतियों को बिना डर आगे बढऩा चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही और सियाचिन दिवस के माध्यम से सैनिकों के साहस व बलिदान को भी याद किया गया।

### अपराधी को 4 माह तक पुलिस थाना में पेश होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने पड़खूरी थाना विजयराघवगढ़ निवासी भूरा ऊर्फ भूरेलाल पटेल पिता मैकूलाल पटेल 50 वर्ष को आगामी 4 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टिर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्तव प्रतिवेदन के आधार पर की है। भूरा के विरूद्ध वर्ष 2001 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर गुंडागर्दी, जुआ सट्टा खेलना और शराब बेचना जैसे अपराध शामिल है। इन प्रकरणों में भूरा को अर्थदंड लगाकर दण्डित भी किया जा चुका है जबकि एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा भूरा के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए आगामी 4 माह तक थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

**उमरियापान।** पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत ढीमरखेड़ा पुलिस ने एक लापता नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 8 जनवरी 2026 को एक नाबालिग बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने नाबालिका को उमरिया से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया।

### 15 अप्रैल से 80 खरीदी केन्द्रों पर शुरू होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

# खरीदी में देरी का खामियाजा : कर्ज के दबाव में 35-40 प्रतिशत किसानों ने औने-पौने दामों में मंडी में बेचा गेहूं



**छतरपुर।** जिले में किसानों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे इंतजार के बाद अब कल यानि 15 अप्रैल से जिले के 80 खरीदी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

हालात ऐसे बन गए हैं कि ऋण चुकाने और आर्थिक दबाव के चलते लगभग 35 से 40 प्रतिशत किसानों ने अपना गेहूं समर्थन मूल्य से कम कीमत पर मंडियों में बेच दिया।

किसानों का कहना है कि एक ओर खरीदी केन्द्रों पर बारदाना और व्यवस्थाओं का अभाव है, वहीं दूसरी ओर बैंक और साहूकारों का कर्ज चुकाने का दबाव लगातार बना हुआ है। ऐसे में उनके पास मजबूरी में फसल को औने-पौने दामों में बेचने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

शासन द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूँ खरीदने की प्रकिया 15 अप्रैल से 80 केन्द्रों मे शुरू की जा रही है। लेकिन अभी तक की प्रकिया को देखते हुए ऐसा महसूस किया जा रहा है कि शासन की रूचि गेहूँ खरीदी मे नहीं है केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। जबकि अन्य वर्षो मे देखा गया है कि 15 मार्च से गेहूँ खरीदी की प्रकिया शुरू कर दी जाती थी। लेकिन इस बार करीब एक माह बिलम्व से गेहूँ खरीदा जा रहा है, चूँकि किसान इतना सक्षम नही है कि वह अपनी उपज एक माह तक बेचने के लिए रख सके। चूँकि जो किसान सहकारी समितियों के ऋणी है। खरीफ ऋण

28 मार्च और रवी ऋण 15 जून तक चुकाना पड़ता है, ताकि निर्धारित तिथि तक ऋण अदायगी पर ब्याज नहीं लगता। इसलिए लगभग 35-40 प्रतिशत किसानों ने बिचौलियों के माध्यम से मण्डी में अपनी फसल 2000-2100 रुपये क़्वान्टल से बेच दी, कुछ किसानों के शादी ब्याह के खर्चे थे। इस कारण उन्हें खुले बाजार मे फसल बेचना पड़ी। अब जो 15 अप्रैल से खरीदी शुरू हो रही है वह केवल औपचारिक रहेगी, क्योंकि किसानों के पंजीयन तो है लेकिन उनके पास माल नही बचा है। खरीदी में सबसे पहले छोटे किसान 2 हेक्टेयर तक के पंजीयन लिए जाना है। इसलिए किसान और व्यापारी के बीच सांठ गाँठ होगी और किसानों के पंजीयन पर 40 प्रतिशत व्यापारियों का घुना एवं पुराना गेहूँ बिकेगा। इसलिए प्रशासन को इस विषय पर सतर्क रहने की जरूरत है कि कहीं किसानों के पंजीयन पर व्यापारी का पुराना एवं घुना गेहूँ ना बेच दें। यह काम भी समिति प्रबंधकों एवं केन्द्र प्रभारियों के साथ-साथ वेयरहाउस सर्वेयरों की मिलीभगत से ही संभव हो पाता है।

#### खरीदी केन्द्रों में नहीं पहुंचा बारदाना, कैसे होगी खरीदी? -

सरकार द्वारा 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी शुरू करने की घोषणा कर दी गई है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। कई खरीदी केन्द्रों पर अब तक बारदाना नहीं पहुंच पाया है, जिससे किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है।

किसानों का कहना है कि वे अपनी उपज लेकर केन्द्रों तक पहुंचने को तैयार हैं, लेकिन जब तक बारदाना उपलब्ध नहीं होगा, खरीदी कैसे संभव हो पाएगी। वहीं दूसरी ओर केन्द्र प्रबंधकों का भी कहना है कि बारदाने की कमी के चलते वे खरीदी शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं। अभी तक की स्थितियों को देखते हुए ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वह किसान की फसल से नहीं बल्कि व्यापारियों का गेहूँ खरीदकर पूरा होगा। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूँ का रेट 2585 प्रति क्विटल और 40 रूपए प्रति क्विंटल पर बोनस मिलेगा। इस तरह किसान को प्रति क्विटल 2625 रूपए प्राप्त होगा और यह राशि खाते मे सीधे पहुंचेगी।

जिले में 30 मार्च से दलहन(चना, मसूर, सरसों) की खरीदी शुरू हो चुकी है करीब 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन दलहन फसल की खरीदी से जुड़े नोडल अधिकारी यह नही बता पा रहे है कि चना, सरसों, मसूर की खरीदी का कितना लक्ष्य निर्धारत है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी तक खरीदी शुरू नहीं हुई।



## फर्जी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग, पुलिस कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मामले को लेकर युवती ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। खज्जू कॉलोनी निवासी एक युवती ने पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि उसके भाई के खिलाफ दर्ज अपराध क्रमांक 180/2026 में तथ्यों की अनदेखी कर कार्रवाई की गई है।

आवेदन में संध्या अनुरागी पुत्री भूरे अनुरागी ने आरोप लगाया गया है कि उसके भाई का मोहल्ले की एक युवती से पूर्व में प्रेम प्रसंग था, लेकिन हाल ही में उस युवती का विवाह तय होने के बाद उसने पुलिस से सांठगांठ कर झूठा मामला दर्ज करा दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस दिन और समय की घटना बताई गई है, उस दौरान उसका भाई घर पर मौजूद था और कथित घटनास्थल के पास स्थित स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज से सच्चाई सामने लाई जा सकती थी, लेकिन पुलिस ने इस दिशा में कोई जांच नहीं की।

संध्या अनुरागी ने यह भी आरोप लगाया कि रिपोर्ट में घटना की तिथि और रिपोर्ट दर्ज कराने की तिथि में अंतर है, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। साथ ही संबंधित युवती की उम्र को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं, जिसमें विरोधाभास बताया गया है। आवेदन में पुलिसकर्मियों पर लापरवाही और प्रभाव में आकर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराने, सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पीड़िता ने यह भी बताया कि पूर्व में भी उसके भाई के खिलाफ इसी तरह का एक मामला दर्ज कराया जा चुका है। पूरे प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मामला अब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया है।

## दबंगों की मारपीट से युवक घायल, जान से मारने की धमकी देकर गांव में घुसने से रोका



**छतरपुर।** गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी रामदेव राजपूत के साथ गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे लात-घूंसे और बंदूक की बट से पीटा, जिससे उसके हाथ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि उसने थाने में शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इतना ही नहीं, पीड़ित को गांव में प्रवेश करने से भी रोका जा रहा है, जिससे वह भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। न्याय की मांग को लेकर रामदेव राजपूत ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों रितिक तिवारी तनय शिवपाल तिवारी, शेरू, पिंसू निवासीगण कबरई, सियाशरण तनय जगदीश राजपूत निवासी ग्राम कटरा सहित अन्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## सेवानिवृत्त डीएसपी दंपति पर दर्ज एफआईआर को लेकर पुलिस पेंशनर्स संघ का तीखा विरोध



**छतरपुर।** पन्ना जिले के थाना मड़ला में 80 वर्षीय सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक भरत सिंह चौहान और उनकी 76 वर्षीय पत्नी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर छतरपुर जिले के पुलिस पेंशनर्स संघ ने कड़ा विरोध जताया है। संघ ने इस मामले को पूरी तरह असत्य और अनुचित बताते हुए पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन सौंपा है।

संघ का आरोप है कि मामला मात्र सीट बेल्ट चेकिंग के दौरान हुए मामूली विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज किया गया है। पेंशनर्स संघ के अनुसार, थाना मड़ला के पुलिसकर्मियों ने सेवानिवृत्त डीएसपी दंपति के साथ अभद्र व्यवहार किया और नियमों का उल्लंघन करते हुए गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी।

ज्ञापन में संघ ने मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, दर्ज प्रकरण को तुरंत समाप्त किया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच किसी अन्य जिले के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कराई जाए। पुलिस पेंशनर्स संघ ने स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए 16 अप्रैल से शुरू हो रहा वेब स्व गणना पोर्टल

### विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से स्व गणना वेब पोर्टल का उपयोग करने के निर्देश

### नगरीय एवं ग्रामीण के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के निर्देश

**छतरपुर।** सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पार्थ जैसवाल ने जनगणना 2027 में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाना है। साथ ही 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जनसामान्य के लिए स्व गणना वेब पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें नागरिक स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी भर सकेगा। उक्त प्रक्रिया करने के पश्चात 01 मई से जब प्रगणक घर-घर जाएंगे तो वह एक स्व-गणना पहचान संख्या के माध्यम से सत्यापन कर सकेंगे।



कलेक्टर ने नागरिकों से अपील कि है कि जनगणना की एक आधुनिक व्यवस्था स्वगणना वेब पोर्टल से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को भी स्व गणना वेब पोर्टल से जनगणना संबंधी प्रक्रिया की जानकारी स्वयं दर्ज करने को कहा और कहा कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस पोर्टल से जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाएं।

साथ ही कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कराएं और यदि कोई अनुपस्थित हो गया है तो उसका भी पुनः प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। जनपद एवं निकायों के सभी शासकीय कार्यालयों में जनगणना के प्रचार के लिए पोस्टर चस्पा करें।

## पठा गांव में युवक पर दोबारा हमला, पुलिस पर लापरवाही के आरोप



**छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर थाना अंतर्गत ग्राम पठा में एक परिवार पर लगातार हमले और पुलिस की निष्क्रियता का मामला सामने आया है। प्रार्थी मुन्ना अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि 3 अप्रैल को उनके पुत्र विजय अहिरवार का गांव के ही मोहित श्रीवास और अंकित श्रीवास से विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बावजूद चौकी पठा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि 12 अप्रैल को आरोपी फिर से अपने साथियों के साथ कार और मोटरसाइकिलों से पहुंचे, जिनके पास डंडे और एक व्यक्ति के पास बंदूक भी थी। उन्होंने प्रार्थी की बहन शांति अहिरवार के साथ मारपीट की और घर में मौजूद विजय व अजय को बाहर निकालकर जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ आरोपियों को पकड़ा, लेकिन बाद में बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उल्टा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। आरोपियों द्वारा लगातार धमकी दिए जाने से परिवार दहशत में है और किसी बड़ी घटना की आशंका जता रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

## जमीन विवाद में महिला ने लगाई सुरक्षा की गुहार

### जान से मारने की धमकी का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** नीलकंठ नगर निवासी महिला कुमकुम यादव ने जमीन विवाद को लेकर अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुरक्षा की गुहार लगाई है। सोमवार को महिला ने एसपी को लिखित आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की।

कुमकुम यादव ने आरोप लगाया कि वह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रही थी, तभी अभय कुमार जैन नामक व्यक्ति ने उसे लगातार धमकाना शुरू कर दिया। महिला का कहना है कि आरोपी ने कई बार उसे जान से मारने की धमकी दी है। दबाव बनाने के लिए आरोपी के लोग उसके घर भेजे जा रहे हैं। हाल ही में 10 लोगों को उसके घर भेजकर डराने का प्रयास किया गया, जिससे वह और उसका पूरा परिवार भयभीत हो गया है।

पीड़िता ने आशंका जताई कि आरोपी किसी भी समय उसके साथ अनहोनी कर सकता है। कुमकुम यादव ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की तुरंत जांच कर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और उसे एवं उसके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए।

## मामूली विवाद पर पड़ोसी की डण्डे से पिटाई

**छतरपुर।** बिजावर के बड़ी देवी मोहल्ले में मामूली स्क्रैच को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी गई। घायल को पहले बिजावर अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उसका उपचार चल रहा है।



मामला बड़ी देवी मोहल्ले का है, जहां इकबाल खान रहते हैं। परिजनों के अनुसार, इकबाल खान खेत से गेहूं लेकर घर आ रहे थे। इसी दौरान ई-रिक्शा से आ रहे चांद खां की बाइक में स्क्रैच लग गया। इसके बाद चांद खां और उनकी पत्नी पहले गाली-गलौज करने लगे और फिर मौका पाकर इकबाल खान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

घायल इकबाल खान को तुरंत बिजावर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घायल के परिजन आरिफ खान ने बताया कि यह पूरी घटना बेहद मामूली स्क्रैच को लेकर हुई, जिसमें चांद खां और उनकी पत्नी ने अचानक हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। परिजनों ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है।




## भव्य सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित

**राजनगर।** नगर के चौक बाजार में रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष जीतू वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरविंद पटेरिया उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कवि सम्मेलन में विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों और बच्चियों ने रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक अरविंद पटेरिया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष जीतू वर्मा द्वारा प्रतिभागी बच्चों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। दर्शकों ने कवि सम्मेलन का भरपूर आनंद लिया।

## कलेक्टर के निर्देशन में भूकंप आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

### एनडीईआरएफ और एसडीईआरएफ ने दिए बचाव के गुर

### ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं और वॉलंटियर्स को दी गई जीवन रक्षक तकनीकों की ट्रेनिंग

**छतरपुर।** जिले में आपदाओं से निपटने और जनहानि को कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल के कुशल निर्देशन में क्षमतावर्धन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इसी क्रम में 13 अप्रैल 2026 को नगर परिषद ऑडिटोरियम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार, होमगार्ड नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन द्वारा भूकंप पूर्व तैयारी एवं जोखिम प्रबंधन पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

#### विशेषज्ञों ने सिखाया आपदा के समय रिस्पॉन्स का तरीका

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में विशेषज्ञों ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के जियोलॉजिकल प्रोफेसर डॉ. पी.के. जैन ने भूकंप की वैज्ञानिक स्थिति और जोखिम प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। वहीं एनडीईआरएफ के निरीक्षक साहबजीत सिंह यादव और एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने आपदा के दौरान त्वरित कार्रवाई के व्यावहारिक तरीके सिखाए।

#### सीपीआर और लाइफ सेविंग तकनीकों का हुआ प्रदर्शन

प्रशिक्षण के दौरान आपदा मित्रों, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, एनसीसी, एनएसएस और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को सीएसएसआर( कोलपस्ड स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू) और एमएफआर (मेडिकल फस्ट रिस्पॉन्डर) के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को भूकंप के दौरान मलबे में दबे घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने (लिफ्टिंग-मूविंग), कृत्रिम सांस देने की विधि (सीपीआर), प्राथमिक उपचार, फायर डिजास्टर मैनेजमेंट और इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, सीमित संसाधनों में इम्प्रोवाइज तरीके से घायलों को अस्पताल पहुँचाने की तकनीक भी साझा की गई।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में जिला सेनानी (होमगार्ड/एसडीईआरएफ) भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला सेनानी करण सिंह सहित विभागीय अधिकारी और प्रशिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो नाबालिग बच्चियां को सुरक्षित किया बरामद

मऊगंज। जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो नाबालिग बच्चियों को अलग-अलग स्थानों से सुरक्षित दस्तयाब किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई आईजी रीवा जोन और मऊगंज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पहली नाबालिग बच्ची को नागपुर से गोविंद तिवारी si द्वारा सकुशल बरामद किया गया, जबकि दूसरी बच्ची को ग्वालियर से संतोष सिंह चौहान si की टीम ने खोजकर सुरक्षित वापस लाया।बताया जा रहा है कि दोनों ही मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चियों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।थाना प्रभारी मऊगंज के नेतृत्व में लगातार महिला एवं बाल अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत यह सफलता पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें

### रोजगार मेला जेएनसीटी कॉलेज रीवा में 15 अप्रैल को

रीवा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा रीवा में 15 अप्रैल को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़िया, ओत्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात, जेके टायर्स मुरैना, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा, आमधनी प्रा.लि. एमआरएफ टायर्स दहेज गुजरात, आमधनी प्रा. लि. आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात तथाआमधनी प्रा. लि. सोलर प्लांट अहमदाबाद बाबला गुजरात की कंपनियाँ शामिल हो रही हैं। रोजगार मेले में आमधनी बजाज आटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र, सिन्टेक्स इंस्ट्रीज लि. जाफराबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, कास्टएनएक्स प्रा. लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एसबीआई लाइफ एश्योरेंस रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, सीआईआई एमसीसी इंदौर, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, धूत ट्रासंमिशन प्रा. लि. औरंगाबाद, संजीव आटो प्रा. लि. वालुज महाराष्ट्र तथा बजाज लाइफ इंश्योरेस प्रा. लि. रीवा की कंपनियां भी शामिल होंगी।

### विश्वविद्यालय में आज मनाई जाएगी डॉ. अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। जन्म जयंती समारोह सुबह 11 बजे से पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समारोह का आयोजन अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ावर्ग कर्मचारी संघ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

### डॉ अंबेडकर जयंती आज मनाएंगे जनसंगठन

रीवा। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान के मुख्यय वास्तुकार,प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन, समाजवादी कार्यकर्ता समूह एवं भारत तिब्बत मैत्री संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय स्वयंवर बारातघर के सभाकक्ष में मंगलवार 14 अप्रैल को दिन 11 बजे से रखी गई है। उपर्युक्त जानकारी नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री गीता महंत ने देते हुए बताया कि संगोष्ठी में डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व कृतित्व पर सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता अपने विचार रखेंगे।

## अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर जिले के अंतिम गांव पहुंचे

**ग्रामीणों से किया संवाद**
**पत्रकारों से चर्चा पर बोले नवागत कलेक्टर**
**जिले मे चाहे हंस कर करें या रोकर करें काम तो करना पड़ेगा**

# शासन की योजनाओं को पात्र व्यक्तियों को समय सीमा में पहुंचना पहली प्राथमिकता : नवागत कलेक्टर

रीवा।

नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी जिले में अपनी उपस्थिति देने के उपरांत प्रथम दिन ही बस में सवार होकर जिला अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जमीनी हकीकत जानने पहुंचे। उन्होंने जवा विकासखण्ड अन्तर्गत जतरी गांव में शासन की योजनाओं से लाभांवित हो रहे हितग्राहियों से रूबरू चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। जतरी ग्राम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने अपना परिचय दिया तथा कहा कि मैं गांव में जिले के अन्य अधिकारियों के साथ आया हूँ। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय सीमा में मिले यह हमारी प्राथमिकता है। गांव की समस्याओं को जानने समझने व शासन के संकल्प को पूरा करने का यह सिलसिला जिले में अनवरत चलता रहेगा। जतरी गांव के निवासियों ने भी अपने गांव में पहली बार पहुंचे जिले के कलेक्टर से बेझिझक अपनी और गांव की समस्यायें बताई जिनका कलेक्टर ने निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। राजस्व विभाग अन्तर्गत सीमांकन के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर लगाकर सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में किसानों से पूंछताछ में कलेक्टर ने कहा कि सभी इसका रजिस्ट्रेशन करायें क्योंकि योजनाओं का लाभ किसानों को इसी के माध्यम से मिलेगा। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन के समय पर खुलने तथा बच्चों की उपस्थिति की ग्रामीणजनों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शत प्रतिशत बच्चों









की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। खाद की उपलब्धता से संबंध में किसानों से कलेक्टर ने कहा कि ई माध्यम से ही खाद लें तथा अपने खेतों की नरवाई कदापि न जलायें इससे बहुत नुकसान होता है तथा शासन द्वारा दण्ड का भी प्रावधान है। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को एचपीव्ही टीका लगाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये जागरूक किया। ग्रामीणजनों ने डॉक्टर्स की कमी की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट किया जिस पर उन्होंने कहा कि शासन स्तर से डॉक्टर्स की कमी को दूर किया जा रहा है। कलेक्टर ने एफआरए के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश एसडीएम को दिये। ग्रामीण विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राहियों से चर्चा की तथा कहा कि स्वीकृत आवास तत्काल बनाना प्रारंभ करें। उन्होंने शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टग कर जल संचय के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से अपेक्षा की कि जल संरक्षण के लिये घरों में भी वाटर हार्वेस्टग सिस्टम बनवायें। इस दौरान बताया गया कि गांव में स्वीकृत 3 खेत तालाब में से दो का कार्य पूर्ण हो गया है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को बिगड़े हैण्डपंप बनाने तथा जिन हैण्डपंप में जल स्तर नीचे चला गया है उनमें राइजिंग पाइप तत्काल बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण जनों से अपेक्षा की कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिये जागरूक रहें तथा गांव व जिले के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल सहित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जिसके बाद वह रीवा कलेक्ट कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में अधिकारियों को चाहे हंस कर करें या रोकर करें काम तो करना पड़ेगा , शासन की प्रत्येक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने को उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताया साथियों उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व के मामलों को निराकरण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे साथ ही हर गरीब की बात सुनकर तत्काल निराकरण करने का काम करेंगे।

### कलेक्टर ने बच्चों से पढ़वाया पाठ पूंछा पहाड़ा

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वनांचल ग्राम जतरी के भ्रमण के दौरान विद्यालय में छात्रा अंतिमा से पाठ पढ़वाया तथा उत्तम प्रसाद से 7 का पहाड़ा पूंछा। उन्होंने बच्चों के साथ जमीन में बैठकर उनसे पढ़े जाने वाले विषयों के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालय भवन का सुधार कार्य प्रारंभ करायें तथा जर्जर भवन को हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने विद्यालय में बन रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखी। कलेक्टर ने किताबों एवं साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अभिभावकों से अपेक्षा की कि अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश अवश्य करायें।

### जल निगम के संचालित कार्यों का किया निरीक्षण

नवागत कलेक्टर ने अतरैला ग्राम में जल निगम द्वारा बनाये जा रहे डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण किया। उन्होंने जवा जनपद के ग्रामों में जल निगम द्वारा घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के कार्य की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य को पूर्ण करें ताकि इस महत्वाकांक्षी योजना से लोगों के घरों में साफ पानी पहुंच सके।

### विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला उत्कृष्ट

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रदेश की रैंकिंक में उत्कृष्ट स्थान पर रहे। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी विभागीय अधिकारी तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करेंगे। ताकि नियत समय में लक्ष्य की पूर्ति हो सके और अंतिम छोर तक के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की अपेक्षा की।

### नवागत कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखों का किया निरीक्षण

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की सभी कर्मचारी सौंप गए दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। प्राप्त होने वाले पत्रों को समय पर अपने अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने अपने प्रथम कार्य दिवस में ही सौरभ देव सिंह को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। सौरभ देव सिंह को डीपीओडब्लूसीडी कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

## रीवा एयरपोर्ट बनेगा 'हवाई हब': अब उड़ेंगे एयरबस-320 जैसे बड़े विमान

रीवा 1 विंध्य की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊँचाई देने के लिए रीवा एयरपोर्ट के विस्तार की प्रक्रिया तेज हो गई है। 140 एकड़ अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण के लिए सीमांकन पूरा कर रिपोर्ट भोपाल भेज दी गई है। इस परियोजना से 830 किसान प्रभावित होंगे। रनवे की लंबाई बढ़ने से यहाँ जल्द ही एयरबस-320 जैसे 180 सीटर विमान लैंड कर सकेंगे, वर्तमान में रीवा एयरपोर्ट का रनवे लगभग 1800 मीटर लंबा है, जो छोटे ATR-72 विमानों के लिए उपयुक्त है। एयरबस A-320 जैसे 150-180 सीटर बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए रनवे को बढ़ाकर 2300 मीटर किया जाएगा। जिससे दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों के लिए सीधी उड़ान का रास्ता साफ होगा।

### नीशा मिश्रा को सिटी कोतवाली का थाना प्रभारी बनाए जाने पर प्रसन्नता



रीवा 1 व्यापारी महासंघ रीवा ने नीशा मिश्रा को सिटी कोतवाली का थाना प्रभारी बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनायें संप्रेषित की है. साथ ही अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उनसे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की भी उम्मीद जताई है 1

## अमहिया थाने की पाठशाला ने रचा इतिहास, 99.7% अंक के साथ सरताज बना टॉपर, पुलिस की पहल गुरुकुल क्लासेस के छात्रों ने 90% से अधिक अंक लाकर बढ़ाया मान



रीवा। थाने का नाम सुनते ही जहां आमतौर पर अपराध और अपराधियों की तस्वीर सामने आती है, वहीं रीवा का अमहिया थाना एक नई और प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहा है। यहां पुलिस की देखरेख में संचालित गुरुकुल क्लासेस के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. गौरव राजपूत एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के प्रयासों से यह नवाचार से गुरुकुल स्कूल संचालित किया जा रहा है। अशोका वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से थाना परिसर में चल रही इन कक्षाओं ने इस वर्ष उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। परीक्षा परिणामों में सरताज ने 99.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पार्थ ने 99 प्रतिशत, नैतिक ने 96.06 प्रतिशत, युमिसेन ने 96 प्रतिशत, सांवी ने 97.02 प्रतिशत, समायरा ने 94 प्रतिशत, साधना ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा सम्राट (90.64%), विराट (90.8%) और आशी सिंह (90%) ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य छात्रों में अनन्या (86%), शुभी (89%), अर्शिया (89%), कीर्ति (88%), उर्वी (83%), प्रांजलि (83%), खुशबू (83%), गौरी (82%), अनिकेत यादव (82%), आर्यन प्रतापति (82%), इरफान (81%), हसन (79%) और हिमांशी (73%) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।सम्मानित किए जाएंगे मेधावी छात्रथाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि गुरुकुल क्लासेस के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम से पुलिस विभाग में भी उत्साह का माहौल है। आगामी दिनों में सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### सोहागी के बंसल टोल प्लाजा पर हंगामा

रीवा। रीवा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोहागी घाटी के बंसल टोल प्लाजा पर सोमवार सुबह उस वक्त हंगामे की स्थिति बन गई, जब उत्तर प्रदेश के एक किसान नेता के काफिले और टोल कर्मचारियों के बीच तीखा विवाद हो गया। आरोप है कि काफिले में शामिल लोगों ने टोल शुल्क देने से इनकार करते हुए जबरन बैरियर खुलवाया और बिना भुगतान किए सभी वाहन निकाल लिए। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों से बहस करते और बैरियर हटाते नजर आ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश से रीवा की ओर जा रहे किसान नेता के काफिले में कई वाहन शामिल थे। जैसे ही काफिला सोहागी घाटी स्थित बंसल टोल प्लाजा पहुंचा, वहां तैनात कर्मचारियों ने उन्हें नियमानुसार रोककर टोल टैक्स की मांग की। बताया जा रहा है कि इस दौरान काफिले में सवार कुछ लोग वाहनों से उतर गए और टोल भुगतान को लेकर कर्मचारियों से बहस करने लगे।

### व्यापारियों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी रहा जारी

रीवा। सुपर स्पेशलिटी मार्केट के व्यापारियों की दुकानों को अतिक्रमण के हटाने के विरोध में व्यापारियों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। अपनी अस्मत और आजीविका की लड़ाई लड़ रहे इन व्यापारियों के समर्थन में आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा पहले दिन से ही डटे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि वे यहाँ पिछले 65 वर्षों से अपनी दुकानें संचालित कर रहे थे। प्रशासन ने बिना किसी ठोस पुनर्वास योजना के वर्षों पुरानी दुकानों को उजाड़ने की सोच ने सैकड़ों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है।धरने को संबोधित करते हुए आप नेता प्रमोद शर्मा ने कहा, यह केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि गरीबों और मध्यम वर्गीय व्यापारियों की कमर तोड़ना है। जब तक प्रशासन इन व्यापारियों को उचित स्थान और न्याय नहीं दिलाता, हम पीछे नहीं हटेंगे। भारी गर्मी और प्रशासनिक उदासीनता के बावजूद व्यापारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।



## देवतालाब विधायक ने मझिगवां में जल जीवन मिशन का किया लोकार्पण



मऊगंज। जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझिगवां में जल जीवन मिशन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर देवतालाब विधायक द्वारा पुनरीक्षित ग्राम नल-जल योजना का विधिवत लोकार्पण कर "जल अर्पण" किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, खंड मऊगंज द्वारा "जल महोत्सव" के रूप में किया गया।कार्यक्रम में "कम खर्च करो पानी, तभी चलेगी कहानी" एवं "स्वच्छ जल, स्वच्छ भारत" जैसे संदेशों के साथ जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जल गंगा अभियान के अंतर्गत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को जल के महत्व एवं उसके संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस योजना के पूर्ण होने से अब मझिगवां गांव के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाएगा। वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह योजना किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। अब लोगों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने की समस्या से निजात मिलेगी और समय व श्रम दोनों की बचत होगी।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य हर घर तक सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, जिसे मझिगवां में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। गांव की बस्तियों और मोहल्लों में पाइपलाइन के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी जाहिर करते हुए शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।यह पहल न केवल मझिगवां बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक उदाहरण बनकर उभरी है, जहां जल संरक्षण और सुविधा दोनों को साथ लेकर विकास की नई धारा बहाई जा रही है।



### बीहर नदी में डूबा 20 वर्षीय युवक, दोस्त के साथ गया था नहाने, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया

रीवा। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया इलाके में स्थित बीहर नदी एक बार फिर हादसे की गवाह बनी, जहां सोमवार दोपहर एक 20 वर्षीय युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ नदी में नहाने गया था, लेकिन कुछ ही देर में वह गहरे पानी में समा गया और बाहर नहीं निकल सका। मिली जानकारी के अनुसार करहिया निवासी मनीष साहू (20) अपने पड़ोस में रहने वाले दोस्त बेटू यादव के साथ दोपहर के समय बीहर नदी पहुंचा था। दोनों युवक नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक मनीष का संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी की ओर चला गया। देखते ही देखते वह डूब गया और लापता हो गया। घटना के दौरान मौजूद साथी बेटू यादव ने घबराकर तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की गई। स्थानीय लोगों की मदद से नदी में सर्चिंग अभियान चलाया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मनीष को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। सुरक्षा इंतजामों की कमी स्थानीय लोगों का कहना है कि बीहर नदी के करहिया क्षेत्र में पानी की गहराई काफी अधिक है, जिससे यहां पहले भी हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं।

### अस्पताल में आरक्षक की शर्मनाक हरकत

## डस्टबिन में यूरिन करते सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

**सीधी जेल से कैदी को इलाज कराने आया था आरक्षक, नशे में वार्ड में अमर्यादित व्यवहार का आरोप**



रीवा। विंध्य के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल संजय गांधी चिकित्सालय से एक पुलिस आरक्षक की शर्मनाक हरकत सामने आई है, जिसने खाकी वर्दी और मानवीय मर्यादाओं को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अस्पताल परिसर के भीतर की यह घटना अब सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी अस्पताल के वार्ड में रखे डस्टबिन में यूरिन करते हुए दिखाई दे रहा है। इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीज और उनके परिजन भी मौजूद थे, जिससे अस्पताल के वातावरण में असहज स्थिति उत्पन्न हो गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, संबंधित आरक्षक की पहचान मनीष तिवारी के रूप में की जा रही है, जो सीधी जेल से एक कैदी को इलाज के लिए लेकर रीवा के संजय गांधी अस्पताल आया था। आरोप है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरक्षक ने नशे की हालत में अपनी वर्दी उतारकर उसे पास ही लगे स्टैंड में टांग दिया और इसके बाद वार्ड में रखे डस्टबिन में ही यूरिन करने लगा। इस हरकत को देख वहां मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई, वहीं कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय जांच और कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।